UP में डिजिटल इंडिया राज्य परामर्श कार्यशाला आयोजित

चर्चा में क्यों?

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के **राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग (NeGD)** **ने उत्तर प्रदेश विकास प्रणाली निगम लिमिटेड (UPDESCO)** के साथ साझेदारी में लखनऊ में **डिजिटल इंडिया राज्य परामर्श कार्यशाला** का आयोजन किया।

मुख्य बिंदु

- **कार्यशाला का उद्देश्य:**
  - **डिजिटल इंडिया पहल** के बारे में जागरूकता बढ़ाना।
  - डिजिटल इंडिया प्लेटफॉर्म का लाभ उठाने के लिये राज्य IT परियोजनाओं के लिये अवसरों की पहचान करना।
  - संभावित अनुकरण के लिये सफल परियोजनाओं का प्रदर्शन।
  - ज्ञान साझाकरण, विचारों के आदान-प्रदान और उद्योग साझेदारी को सुविधाजनक बनाना।
- **केंद्रित क्षेत्र:**
  - इस कार्यक्रम में **डेटा और डिजिटल बुनियादी ढाँचे के महत्त्व** पर प्रकाश डाला गया तथा राज्य से अंतिम छोर तक डिजिटल पहुँच के लिये कनेक्टिविटी बढ़ाने का आग्रह किया गया।
  - कार्यशाला में राज्य के अधिकारियों और ई-ज़िला प्रबंधकों को एक साथ लाकर **सुशासन** की दिशा में सहयोगात्मक रूप से कार्य करने की विशिष्टता पर ज़ोर दिया गया।
  - **डिजिटल इंडिया कार्यक्रम** के अंतर्गत राष्ट्रीय पहलों पर चर्चा की गई, जिनमें शामिल हैं:
- **डिजिलॉकर: डिजिलॉकर** ड्राइवर लाइसेंस, वाहन पंजीकरण प्रमाण पत्र और शैक्षणिक अंकतालिकाओं सहित **विभिन्न दस्तावेजों के डिजिटल संस्करणों तक पहुँच** की अनुमति देता है।
  - **एंटिटी लॉकर:** एंटिटी लॉकर एक प्रमुख पहल है जिसे डिजिटल दस्तावेजों और प्रमाण-पत्रों के भंडारण, साझाकरण और सत्यापन के लिये **एक सुरक्षित, क्लाउड-आधारित मंच प्रदान करके संगठनों को सशक्त बनाने के लिये डिज़ाइन किया गया है।**
  - **API सेतु: API सेतु कोविड-19** संक्रमण के भय/जोखिम को संबोधित करता है और लोगों, व्यवसायों और अर्थव्यवस्था को सामान्य स्थिति में लौटने में सहायता करेगा।
  - **ओपनफोर्ज (OpenForge):** यह ई-गवर्नेंस अनुप्रयोगों के खुले सहयोगात्मक विकास के लिये भारत सरकार का मंच है। इसका उद्देश्य **ई-गवर्नेंस अनुप्रयोग** स्रोत कोड के साझाकरण और पुनः उपयोग को बढ़ावा देना है।
  - **माईस्कीम (myScheme):** यह एक राष्ट्रीय मंच है जिसका उद्देश्य **सरकारी योजनाओं की एक ही स्थान पर खोज और जानकारी उपलब्ध कराना है।**
- **UMANG: UMANG** मोबाइल ऐप एक **सर्वसमावेशी एकल, एकीकृत, सुरक्षित, बहु-चैनल, बहुभाषी, बहु-सेवा मोबाइल ऐप है।** यह संघ और राज्यों के विभिन्न संगठनों की उच्च-प्रभावी सेवाओं तक पहुँच प्रदान करता है।
  - **UX4G:** इसका उद्देश्य वैयक्तिकृत, दृश्य रूप से आकर्षक, कुशल और सुलभ इंटरफेस प्रदान करके **डिजिटल सेवाओं को उपयोगकर्त्ता के अनुकूल बनाना है।**
  - **साइबर सुरक्षा** और क्षमता निर्माण जैसे प्रमुख विषयों पर भी चर्चा की गई।
    - राज्य स्तरीय चर्चाओं में CM हेल्पलाइन (1076), **रजिस्ट्रेशन एवं स्टाम्प महानिरीक्षक (IGRS)**, **UIDAI इकोसिस्टम** और **आधार (Aadhaar) प्रमाणीकरण सेवाएँ** शामिल थीं।
- **खुली परिचर्चा:**
  - इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और उत्तर प्रदेश सरकार के अधिकारियों के बीच एक सहयोगात्मक सत्र आयोजित किया गया।
  - सत्र के दौरान **ई-गवर्नेंस परियोजनाओं में प्रमुख चुनौतियों और कार्यान्वयन मुद्दों पर** चर्चा की गई।
  - बाधाओं के समाधान तथा परियोजना क्रियान्वयन में सुधार के लिये फीडबैक एवं सुझाव मांगे गए।

राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग (NeGD)

- **परिचय:**
  - NeGD की **स्थापना वर्ष 2009 में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) द्वारा डिजिटल इंडिया**

कॉरपोरेशन के तहत एक स्वतंत्र व्यापार प्रभाग के रूप में की गई थी।

- **भूमिका और ज़िम्मेदारियाँ:**
  - NeGD देश भर में **ई-गवर्नेंस परियोजनाओं के प्रबंधन और कार्यान्वयन में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को सहयोग प्रदान करता है।**
  - यह केंद्रीय एवं राज्य मंत्रालयों, विभागों और अन्य सरकारी संगठनों को **तकनीकी और सलाहकार सहायता प्रदान करता है।**
- **प्रमुख परिचालन क्षेत्र:**
  - **कार्यक्रम प्रबंधन:** ई-गवर्नेंस परियोजनाओं का सुचारू क्रियान्वयन सुनिश्चित करता है।
  - **परियोजना विकास:** डिजिटल शासन को बढ़ाने के लिये पहल विकसित करना।
  - **प्रौद्योगिकी प्रबंधन:** ई-गवर्नेंस परियोजनाओं के तकनीकी पहलुओं की देख-रेख करता है।
  - **क्षमता निर्माण:** सरकारी संगठनों के भीतर कौशल और क्षमताओं को मजबूत करता है।
  - **जागरूकता और संचार:** डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत ई-गवर्नेंस पहल को बढ़ावा देना।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/digital-india-state-consultation-workshop-organized-in-up